मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-242
01/05/2021

बिहार के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल अनिल कुमार की कोरोना से निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 01 मई 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बिहार के डाक विभाग के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल अनिल कुमार की कोरोना संक्रमण से हुई मौत पर शोक और गहरी संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे इंडियन पोस्टल सेवा के एक कुशल पदाधिकारी थे। अनिल कुमार के निधन से पोस्टल डिपार्टमेंट को अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******